# डेढ़ घंटे चली डकैती के शोर से कांप उठे राजगढ़वासी

## नगर के मुख्य बाजार में एक दर्जन हथियारबंद डकैतों का ताण्डव, शोर मचाकर ताले तोड़े, गुलेल से हमले किए

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 25 दिसम्बर, का. जिला मुख्यालय बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात को डकैतों के शोर से कांप उठा. शहर के मुख्य सराफा बाजार में करीब एक दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है. बदमाश शहर के अंदर बंदूक, गुलेल, गोपन, लाठियां, लोहे के औजार लेकर दाखिल हुए. करीब डेढ़ घंटे तक हल्ला मचाते हुए दुकानों के ताले तोड़े, घरों में मौजूद लोगों को धमकाया, सोने, चांदी के जेवर, आभूषण बनाने के औजार और नगदी पर डाका डाला और शोर मचाते हुए सीना तानकर भाग निकले. इतना ही नहीं कुछ युवाओं ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गुलेल से उन पर हमला कर भाग खड़े हुए.**

बदमाशों ने जिस ईलाके में वारदात को अंजाम दिया वह शहर का मुख्य बाजार, सबसे पुराना हिस्सा और किले से लगी हुई आबादी है. यहां शहर का पुराना मुख्य सराफा बाजार मौजूद है. गांधी चौक से लगी हुई मुख्य सड़क और किले के रहवासी ईलाकों में बदमाशों ने अपना खौफ पूरे समय जमाने का प्रयास किया. स्थानीय लोगों के अनुसार इस ईलाके पुलिस की गश्ती नहीं थी. संभवत: इसी का लाभ लेकर बदमाश प्रभावी तैयारी के साथ दाखिल हुए और बड़ी वारदात करने में सफल भी रहे है. नागरिकों में रोष, खौफ और चिंता अपने शहर और अपनों को लेकर व्याप्त है. देर रात्रि को नगर बांसवाड़ा के समीप कुछ लोगों को एक बैग भी मिला जो उन्होंने पुलिस को सुपुर्द कर दिया है.



राजगढ़ . शटर तोड़ते हुए बदमाशों का झुण्ड .


राजगढ़ . एसपी से घटना को लेकर चर्चा करते हुए शहर के नागरिक .

### 3 जगह धावा, बुजुर्ग ने अंदर से ताला लगाकर बचाई जान, पुजारी से कहा- बाहर निकले तो जान गंवाओगे



बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात बदमाश नेशनल हाईवे से मुक्तिधाम, बांसवाड़ा के रास्ते शहर में दाखिल हुए . किला क्षेत्र में पहुंचे . सबसे पहले सराफा व्यापारी राजेन्द्र विजयवर्गीय के प्रतिष्ठान के ताले तोड़े और 1 किलो चांदी, 3 तोला सोना और करीब 3 लाख रूपए कैश ले भागे . इसके बाद सचिन सोनी की दुकान बागेश्वर ज्वैलर्स से चांदी, कैश और आभूषण बनाने के औजार चुराए . दुकान के ऊपर ही परिवार रहता है . इसके बाद पास मौजूद 75 वर्षीय गोपालचंद सोनी की दुकान पहुंचे . गोपाल सोनी अंदर ही मौजूद थे . उन्होंने हलचल देखते ही पाया कि घर के बाहर बदमाश है, उन्होंने अंदर से ताला लगा दिया . बदमाशों ने सब्बल से शटर तोड़ने का प्रयास किया . सब्बल व्यापारी के पैर में जा लगा . हालांकि वारदात टल गई . बाजार में ही लक्ष्मीकांत मंदिर में पंडित नरसिंह लश्करी खटपट सुनकर जब बाहर निकले तो बदमाशों ने उन्हें धमकाया और अंदर जाने को कहा . बदमाशों को रोकने ओर पकड़ने के लिए नगर के कमल मेवाड़े, अमित मेवाड़े और प्रकाश चौरसिया सहित हार्डवेयर व्यापारी मुर्तजा अली ने पीछा किया . लेकिन बदमाशों ने उन पर गुलेल से हमला कर दिया . हमले में कमल के आंख में चोटें आई है . बदमाश इसी मार्ग पर खड़ी एक बाईक का ताला तोड़कर उसे भी चोरी कर ले गए . जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की बेखौफ हरकते नजर आ रही है . हालांकि अमित ने एक बदमाश को रॉड मारकर गिराया लेकिन वे भागने में सफल हो गए .

### मेहनत से दुकान बनाई, डकैती के अगले दिन अटैक से मौत



बागेश्वर ज्वैलर्स के सचिन सोनी के पिता सुंदरलाल सोनी का गुरूवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया . इनके घर के नीचे प्रतिष्ठान से बदमाशों ने ताला तोड़कर 32 हजार कैश, चांदी और आभूषण बनाने के औचार चोरी कर लिए . सत्यनारायण सोनी करीब 10 साल पहले शुजालपुर से राजगढ़ शहर में आए थे . मेहनत से उन्होंने अपनी दुकान यहां स्थापित की और संचालित कर रहे थे . उनके पुत्र सचिन सोनी के अनुसार बदमाश उनके आभूषण बनाने के औजार ले गए . घटना से वे सदमे थे . इसी के चलते उनकी मौत हो गई . सुंदरलाल सोनी के निधन से नगर स्तब्ध है . सभी ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द सजा दिलाने की मांग की है .

### सुठालिया, सारंगपुर में घटनाओं के आरोपी नहीं पकड़ पाई पुलिस

सुठालिया में 08 जुलाई 2025 की रात आधा एक दर्जन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने शहर के वार्ड नंबर 9 गड़ी मोहल्ले में सराफा व्यापारी करण सोनी पिता श्रीप्रकाश सोनी के घर के नीचे मौजूद प्रतिष्ठान के ताले तोड़ने का प्रयास किया . आवारा कुत्तों के चिल्लाने पर पड़ोसी जागे और शोर मचाया . ऐसे में बदमाश भाग निकले . बदमाश पूरी रैकी करके पहुंचे और बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे . घटना के 5 महीने बाद भी आरोपियों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम रही है . 05 नवंबर की रात को सारंगपुर नगर में भी आधा दर्जन से अधिक नकाबधारी बदमाशों ने पाड़ल्यारोड़ पर व्यवसायी गोकुल दण्डवानी के आवास को घेरा . बाउण्ड्रीवाल कूदकद दाखिल हुए . इसी बीच घर में मौजूद गोकुल दण्डवानी और उनके भतीजे मनोज ने सीसी कैमरों में बदमाशों की हरकत देखी और शोर मचाया . बदमाश भागने लगे और उनमें से एक गिर पड़ा जो कि लोगों के हाथ आ गया . इस मामले में भी पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है .

### डॉग स्क्वॉड, एफएसएल के साथ पहुंचे एसपी

इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी मौके पर पहुंचे . घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ितों से मिले . उन्होंने घटना में घायलों से भी बात की . इसी दौरान डॉग स्काड और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की . हालांकि पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है . मामले में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों की तलाश की जा रही है . हम जल्द से जल्द उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहे है . वहीं थाना अखिलेश वर्मा के अनुसार मामले में एफआईआर की जा रही है .

## समाज में व्याप्त भय, आतंक को अब भी सबूत की जरुरत है क्या ?

**सामयिक**
**गोविन्द बड़ोने**

**ब्यावरा 25 दिसंबर, का .** राजगढ़ जिले में अपराधों की तादात बढ़ रही है . पहले यह जिला आपसी लड़ाई, मारपीट, भूमि विवाद और हाईवे पर होने वाली लूट की घटनाओं के लिये चर्चित था . अब अपराधियों ने दायरा बढ़ाते हुए भय व आतंक का ऐसा माहौल निर्मित कर दिया है कि समाज अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है . 08 जुलाई को सुठालिया, 05 नवंबर 2025 की रात सारंगपुर में और 24 दिसंबर की रात राजगढ़ में व्यापारियों को चिन्हित करते हुए अपराधियों द्वारा संगठित होकर की गई लूट, डकैती की वारदातों ने समाज के हर वर्ग को भयभीत ही नहीं आतंकित कर दिया है . इसी भय, आतंक में अगर एक फरियादी व्यापारी की हृदयघात से मौत हो जाती है तो सभी के मन में यह प्रश्न कौंध रहा है कि समाज में व्याप्त भय, आतंक को अब भी किसी सबूत की जरूरत है क्या? समय के साथ पुलिस आधुनिक संसाधनों से लैस हुई है, सीसीटीवी के जरिये अपराधियों की सिनाख्तगी का आधार मिल रहा है . इसके विपरीत अपराधियों ने अपने हौसले इतने बुलंद कर लिये है कि पुलिस को वे चुनौती नहीं मान रहे है . सुठालिया, सारंगपुर और राजगढ़ की घटनाओं में जिस तरीके से अपराधियों ने निर्भिकता दिखाने का दुस्साहस किया है उसे सिस्टम की निष्क्रियता, सुरक्षा की विफलता का परिणाम माना जाना चाहिए . पुलिस ने यद्यपि कई अपराधों का आश्चर्यजनक समय में पर्दाफाश किया है लेकिन भय व आतंकित कर देने वाली घटनाओं का पर्दाफाश नहीं होता है तो समाज में असुरक्षा और अपराधियों में निडरता के भाव पैदा होते है . यह पुलिस के कर्तव्यों की विफलता को ही नहीं दर्शाता है बल्कि उसके प्रति विश्वास को भी तोड़ता है . इससे पुलिस पर अपराधियों को संरक्षण देने, सजग नहीं रहने, लापरवाही बरतने जैसे आरोप जड़े जाते है . इन आरोपों का खण्डन करने का पुलिस के पास एक मात्र जवाब अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दिलाना है . दुर्भाग्य यह है कि पुलिस सारंगपुर, सुठालिया की लूट, डकैती की गंभीर घटनाओं में सफलता प्राप्त नहीं कर सकी है . राजगढ़ की डकैती इसी प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति है . यह पुनरावृत्ति ही अपराधियों के हौसले बुलंद होने का प्रमाण दे रही है . लोगों के मन में अपनी असुरक्षा के भाव उनके जीवन और संपत्ति के लिए जब खतरा महसूस होने लगते है तो सिस्टम को यह भी समझना चाहिए कि समाज उसके लिये भी खतरे की घंटी साबित हो सकता है . क्योंकि राजगढ़ में एक व्यापारी की आकस्मिक मृत्यु अपराधियों का पुलिस के सीने पर वार है . उम्मींद की जानी चाहिए कि जिला पुलिस अधीक्षक इस वार को पीठ पर किया वार मान कर नहीं छोड़ेंगे .

### ऑनलाइन फ्रॉड, 1 झटके में खाते से गए 46 हजार

**विदिशा,** सायबर ठगी से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है इसके बाद भी लोग सायबर ठगी के शिकार हो रहे हैं. सायबर ठग नए नए तरीको से लोगों को झांसा देकर उनको ठग रहे हैं. ऐसा ही मामला सिविल लाइन इलाके में आरएमपी नगर से सामने अया है जहां पर एक युवक को ठगों ने आन लाइन 46 हजार की चपत लगा दी. आरएमपी नगर में रहने वाले हल्केश बघेल के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल और पुलिस को की है. उन्होंने बताया कि कल शाम से लगातार उन्हें विभिन्न प्रकार की ओटपी मिल रही थी. आज भी ओटीपी आई थी. अलग-अलग समय में उनके खाते से अलग-अलग राशि निकल गई कुल मिलाकर उनके खाते से 46000 से ज्यादा की राशि निकाली गई है तुरंत ही मामले की शिकायत पुलिस से की गई.

### अस्पताल में एएनएम के पति ने किया हंगामा

**सिरोंज.** नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई. जब ड्यूटी व्यवस्था से नाराज एक एएनएम के पति ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार एक एएनएम पहले से ही अधिक कार्यभार से परेशान थीं. और नई जगह ड्यूटी लगाए जाने को लेकर असंतोष जता रही थीं. उन्होंने ड्यूटी कैंसिल कराने का प्रयास भी किया, लेकिन जब ऐसा नहीं हो सका तो मामला तूल पकड़ गया. इसी बात से नाराज होकर उनके पति अस्पताल परिसर में पहुंच गए और अधिकारियों व स्टाफ के साथ तीखी बहस करने लगे. जिससे अस्पताल में मौजूद मरीज और कर्मचारी दहशत में आ गए. स्थिति को संभालने के लिए अस्पताल प्रबंधन को काफी मशक्कत करनी पड़ी.

**एक नजर में**



### सांसद तन्खा ने की 30 लाख रुपए देने की घोषणा

**मुलताई।** राज्य सभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा गुरुवार की सुबह मुलताई प्रवास पर पहुंचे,उन्होने ताप्ती मंदिर पहुंचकर मां ताप्ती जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया,इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे एवं कांग्रेस नेता उपस्थित थे। जिसके बाद सांसद तन्खा पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के कार्यालय पहुँचे जहां पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल सहित अधिवक्ता राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से मिले एवं ज्ञापन सौपकर अधिवक्ताओ के बैठने के लिए पुरुष एवं महिलाओ के लिए अधिवक्ता कक्ष, यूरिनल एवं सुलभ शौचालय निर्माण, कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी के लिए 30 लाख रुपए की मांग की। वहीं व्यवहार न्यायालय मुलताई का कार्यकाल 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है, जिसे शताब्दी जयंती महोत्सव आएजन में सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश और मुलताई के मूल निवासी न्यायमूर्ति सुशांत धर्माधिकारी सहित अन्य गणमान्य न्यायाधीशों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है ।संघ ने इसके लिए आवश्यक अनुमतियां दिलाने एवं उच्च न्यायालय से समन्वय में सहयोग की अपेक्षा जताई। हिसाब पर श्री तन्खा ने महिला अधिवक्ता कक्ष निर्माण के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की ।जिसमे इस वित्तीय वर्ष में 20 लाख एवं अगले वित्तीय वर्ष में 10लाख रुपए देने की घोषणा की,वहीं शताब्दी वर्ष मनाने में भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सांसद विवेक तन्खा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया।



### लूट के एक लाख के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम नगऊखेड़ी के पास एक गल्ला व्यापारी से हुई 20 की लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार करते हुए उससे लूट के एक लाख रूपये बरामद किय है। लूट की घटना को एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लूट के मुख्य आरोपियों को पकड़ने में पुलिस सफल नहीं हो सकी है। दरअसल 3 दिसंबर को गल्ला व्यापारी नीरज साहू पुत्र भगवान सिंह साहू से चार बाईक सवार लुटेरो ने मारपीट करते हुए स्कूटी की डिग्गी में रखे 20 लाख रूपये लूट लिये थे। इस घटना ने जहां पूरे जिले में सनसनी फैला दी थी, तो वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की गई। जिसके चलते पुलिस की विशेष टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी राजा पुत्र रामसिंह भदौरिया निवासी भरसाबाबड़ी, शाढ़ौरा सहित आरोपी अनिकेत मीना पुत्र छतर सिंह मीना निवासी ग्राम उमरिया कला थाना कुंभराज जिला गुना को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वहीं लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी के चलते गुरूवार को तकनीकी साक्ष्यों एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर लूट की घटना मे शामिल मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी गोलू उर्फ राहुल पुत्र चतुर सिंह मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुंभराज को गुना-अशोकनगर रोड के पीलीघटा के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके कब्जे से लूटे गये 20 लाख रुपये मे से उसके पास मिले नकद एक लाख रूपये विधिवत जप्त किये गये।

## होटल में चल रहे प्रार्थना के कार्यक्रम में बवाल

### दोनों पक्ष पहुंचे सिविल लाइन थाने, पुलिस ने जांच में लिया मामला

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 25 दिसम्बर, गुरूवार को क्रिसमस के मौके पर वायपास स्थिल हवेली रेस्टोरेंट में चल एक कार्यक्रम में उस समय विवाद की स्थिति बन गई जब हिंदुवादी संगठन के कुछ कार्यक्रम में पहुंचे और यह आरोप लगा दिए कि यहां पर धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा है.इन आरोपों को कार्यक्रम के आयोजकों ने सिरे से नकार दिया. और कहा यहां पर सिर्फ प्रर्थाना की जा रही है. जिसमें कई लोग शामिल हुए है. बढ़ते विवाद को देख पुलिस को सूचना दी गई.**

मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है. बजरंग दल के कार्यकर्ता सूचना पर मौके पर उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा है। उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि धार्मिक धोखे को रोका जा सके.बजरंग दल जिला संयोजक ने कहा कि हमें जानकारी मिली थी कि यहां संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं. इसलिए हमने इसका विरोध किया. स्थिति बिगड़ती देखकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों ही पक्षों को समझाइश के लिए सिविल लाइन थाने ले जाया गया. जहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की.

होटल संचालक विनीत दांगी का कहना है कि हमने केवल होटल उपलब्ध कराई थी.कार्यक्रम की जानकारी हमें नहीं थी.इधर, क्रिसमस समारोह में शामिल लोगों ने कहा कि यह एक धार्मिक पर्व का उत्सव था. यहां किसी पर कोई दबाव या प्रलोभन नहीं दिया गया, उल्टा हमारे साथ ही दुर्व्यवहार किया गया मारपीट की गई. स्थानीय महिला का कहना है कि हम शांति से प्रार्थना और उत्सव मना रहे थे, धर्म बदलवाने का सवाल ही नहीं उठता. वहीं अन्य महिला ने बताया कार्यक्रम में आए कुछ लोग धक्का-मुक्की करने लगे. पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज कर ली गई हैं और जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा.

### व्यापारी संघ ने नगर परिषद पर मनमानी का लगाया आरोप

**सिराली.** नगर परिषद सिराली एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। फुटकर व्यापारी संघ, सिराली ने पुलिस अधीक्षक हरदा को एक विस्तृत शिकायत सौंपकर नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ एवं कर्मचारियों पर मनमानी, तानाशाही, ठेला व्यापारियों से दुर्व्यवहार तथा विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ ने इन सभी मामलों की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गरीब फुटकर ठेला व्यापारियों को छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करते हैं।

## तेंदुए-बाघ की तलाश में भटक रहे वनकर्मी

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 25 दिसंबर. इन दिनों जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ और बाघ की मौजूदगी के मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं वन विभाग के कर्मचारी भी संभावित ठिकानों की खाक छान रहे हैं, लेकिन अब तक कहीं भी तेंदुआ या बाघ उनकी नजर में नहीं आ सका है. गुरुवार को वन कर्मचारियों ने कई गांवों में पहुंचकर जायजा लिया और फुटप्रिंट देखे.**

बीते कुछ दिनों से शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है, वहीं अहमदपुर क्षेत्र के भी ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ होने के दावे किए जा रहे हैं. इसके अलावा बिलकीसगंज क्षेत्र के रामाखेड़ी चंदेरी आदि गांवों में बाघ का मूवमेंट होने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है. इसी तरह दो दिन पहले इछावर क्षेत्र के नीलबड़ गांव में खेत पर तेंदुआ देखा गया. वन विभाग के अमले ने सर्चिंग कर पटाखे फोड़े ताकि अगर तेंदुआ हो तो जंगल की तरफ निकल जाए.



### ग्वालियर ग्रोथ समिट में कुंभराज धनिया का जलवा, सीएम ने की सराहना

**गुना, 25 दिसंबर. ग्वालियर मेला परिसर में आयोजित ह्यअभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिटह्व में गुना जिले के प्रसिद्ध कुंभराज धनिया ने अपनी खुशबू बिखेरी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग, गुना द्वारा लगाई गई कुंभराज धनिया की स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन किया और कुंभराज धनिया की विशिष्ट गुणवत्ता, गहरे रंग, तीखी सुगंध और इसकी व्यापक विपणन संभावनाओं की जमकर सराहना की।

### स्टेशन पर कार्य के चलते घंटों देरी से पहुंचीं ट्रेनें

**ब्यावरा.** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य के चलते गुरुवार को कई ट्रेनों को दूरस्थ स्टेशनों पर रोक दिया गया. हालांकि इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा. घंटो तक यात्री स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार करते हुए देखे गये. जानकारी के अनुसार स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नवीन लाइन सहित अन्य तकनीकि आदि का कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा है.

## प्रदेश की सबसे ऊंची अटल प्रतिमा का लोकार्पण

**आष्टा 25 दिसंबर. नपा द्वारा अटल कॉलोनी में स्थापित प्रदेश की सबसे ऊंची भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण एवं पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया.**

नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, मोहित सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया. तत्पश्चात 54 फिट विशाल अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया. इसके अलावा 465 लाख 89 हजार रुपए की लागत के शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भूमिपूजन भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपा उपाध्यक्ष धनरूपमल जैन ने किया.



**आश्वासन** परिजनों ने विधायक से लगाई गुहार तो विधायक ने सांगली एसपी से की बात, जल्द लौटेंगे मजदूर

# गन्ना कटाई करने गए 80 मजदूर को महाराष्ट्र में बनाया बंधक

**नवभारत न्यूज**
**मुंगावली। क्षेत्र के ऑक्सी चक्क,जारोली, तिनसी, और बेलाई ग्राम के 80 मजदूर गन्ने की कटाई के लिए महाराष्ट्र के सांगली गए थे, जहां उनको बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है।**

दअरसल क्षेत्रीय विधायक के पास जारोली निवासी खलक सिंह यादव के साथ बंधकों के परिजन पहुंचे जहां उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई और कहा कि महाराष्ट में उनके परिजन को बंधी बना लिये गये है। साथ ही उनके साथ मारपीट की जा रही है वह गन्ने की कटाई के लिए महाराष्ट्र के सांगली गए थे और जो व्यक्ति उन्हें कटाई कराने ले गया था वह किसी ठेकेदार के पैसे लेकर भाग गया जिसपर वह ठेकेदार उनको आने नहीं दे रहा है ओर बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट कर रहा है,इसपर विधायक ने तुरंत ही मौके पर सांगली एसपी को फोन लगाकर सारी घटना बताई जिसपर सांगली एसपी ने विधायक को बताया कि वह उनके जिले से निकल गए है मगर, महाराष्ट्र के एक दूसरे जिले कोल्हापुर में है, और विधायक द्वारा पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा को फोन लगाकर उक्त घटना की जानकारी दी गई। जिसपर पुलिस कप्तान ने कार्यवाही की बात कर जल्द ही मजदूरों को छुड़ा लाने की बात कही थी और थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था, जिसपर थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह द्वारा ठेकेदार से बात की जो इन सभी को लेकर गया था साथ ही मजदूरों से बात भी की ओर काम का पैसा भी दिलवाया है। वहां से घर के लिए रवाना भी कर दिया गया है जल्द ही वह सभी घर वापिस आ जाएंगे।



**विधायक ने तुरंत ही दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक से की बात**

मजदूरों को बंधक बनाए जाने की खबर जैसे ही विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को लगी तो उन्होंने तुरंत ही सबसे पहले महाराष्ट्र के सांगली एसपी से बात ओर फिर अशोकनगर के एसपी से बात कर तत्पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए ओर मजदूरों को सुरक्षित घर वापिस लाने की बात कही जिसके बाद दोनों जिले की पुलिस ने तत्पर कार्यवाही कर मजदूरों को ढूंढकर घर वापिस भेजा, विधायक की यह संवेदना आज उन परिवार के लोगों के साथ क्षेत्र की जनता में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**इनका कहना है**

मेरे पास बंधक बने मजदूरों के परिजन आए थे और तुरंत ही दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक से बात की गई और कार्यवाही करने को कहा है। पुलिस ने बंधक बने मजदूरों से संपर्क कर लिया है और उनकी काम की मजदूरी भी दिला दी गई है जल्द वह सभी घर वापिस आ जाएंगे।

**बृजेंद्र सिंह यादव,**
विधायक मुंगावली।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हमने मजदूरों की जानकारी जुटाई और उनसे बात भी हो गई है साथ ही उन्हें जो ठेकेदार लेकर गया था, उससे से भी बात हो गई जल्द ही वह घर बापिस आ जाएंगे और उनके मजदूरी के पैसे भी दिलवा दिए गए है।

**अरविंद कछुवाह,**
थाना प्रभारी मुंगावली।